संपादकीय

कांग्रेस के सामने आत्म-मंथन के गहरे प्रश्न

ताजा चुनाव नतीजों से कांग्रेस के सामने आत्म-मंथन के गहरे प्रश्न आए हैं। जातीय पहचान की जिस राजनीति को उसके नेतृत्व ने अपनाया है, क्या उससे असल में नुकसान हो रहा है? फिलहाल, यह रास्ता उसे किसी मंजिल तक ले जाता नहीं नजर आता है।

जातीय और मजहबी पहचान की राजनीति में भाजपा का कोई तोड़ नहीं है, हरियाणा विधानसभा के चुनाव नतीजों ने यह बात फिर साबित की है। वैसे देखा जाए, तो इस नजरिए जम्मू-कश्मीर के चुनाव परिणाम को भी काफी हद तक समझा जा सकता है। हरियाणा में भाजपा ने ओबीसी और उन जातियों को गोलबंद करने पर ध्यान दिया, जिनका जाट समुदाय से अंतर्विरोध रहता है। कांग्रेस का सारा नैरेटिव चूंकि किसान, पहलवान और जवान पर केंद्रित रहा- जिसका सीधा संबंध जाट समुदाय से बनता है- तो भाजपा के लिए अन्य जातियों को गोलबंद करना और आसान हो गया। इसके अलावा दलितों के वर्गीकरण संबंधी सुप्रीम कोर्ट के फैसले का भी उसने राज्य की परिस्थितियों के मुताबिक प्रभावी इस्तेमाल किया।

हिंदुत्व के एजेंडे पर बने उसके वोट बैंक में लोकसभा चुनाव में भी सेंध नहीं लगी थी। उस चुनाव में उसे ५६ प्रतिशत वोट मिले थे, जबकि कांग्रेस को ५५ प्रतिशत। सीटें दोनों में ६-६ जरूर जीती थीं। इन ठोस हालात के बीच कांग्रेस नेताओं ने अपनी जीत को कैसे आसान मान लिया, यह आश्चर्यजनक है। चुनाव नतीजे आने के साथ यह गलतफहमी मुंह के बल गिरी है। उधर जम्मू-कश्मीर में चुनाव परिणाम इलाकाई विभाजन को गहरा बनाते दिख रहे हैं। कश्मीर घाटी में एकतरफा नेशनल कांफ्रेंस- कांग्रेस- सीपीएम गठबंधन के पक्ष में जनमत जाहिर हुआ। जबकि जम्मू क्षेत्र में उलटी कहानी रही। कांग्रेस यहां भाजपा के हिंदुत्व वोट बैंक में ज्यादा सेंध नहीं लगा पाई।

तो इस राज्य में भी संकेत हैं कि मजहबी और इलाकाई पहचान निर्णायक साबित हुए। गठबंधन के घटक के तौर पर इन नतीजों पर कांग्रेस भले संतोष कर ले, लेकिन पार्टी के रूप में उसके लिए यहां भी नतीजे निराशाजनक हैं। इन दोनों नतीजों से कांग्रेस के आत्म-मंथन के गहरे प्रश्न सामने आए हैं। उसे विचार करना है कि जातीय पहचान की जिस राजनीति को उसके नेतृत्व ने अपनाया है, क्या उससे असल में नुकसान हो रहा है? अगर इसके जरिए रोजी-रोटी के सवालों से मुंह मोड़ कर वैकल्पिक नीति पेश करने की जिम्मेदारी से बचने का रास्ता उसने सोचा है, तो यह तरीका हानिकारक साबित हो रहा है।

अदाणी फाउंडेशन ने तेलंगाना की यंग इंडिया स्किल्स यूनिवर्सिटी के लिए 100 करोड़ रुपए किए दान

हैदराबाद

देश का सुनहरा भविष्य बनाने और नई पीढ़ियों को आगे बढ़ाने के लिए अदाणी फाउंडेशन की ओर से शुक्रवार को तेलंगाना में यंग इंडिया स्किल्स यूनिवर्सिटी स्थापित करने के लिए 100 करोड़ रुपये दान करने की घोषणा की गई।

अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी ने अदाणी फाउंडेशन के डेलिगेशन के साथ राज्य के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी से मिलकर यंग इंडिया स्किल्स यूनिवर्सिटी के लिए 100 करोड़ रुपये का चेक दिया।

गौतम अदाणी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की परिवर्तनकारी दृष्टि और प्रेरक नेतृत्व में बन रही यंग इंडिया स्किल्स यूनिवर्सिटी पहल के लिए योगदान देने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

अदाणी ग्रुप चेयरमैन ने कहा कि हम साथ मिलकर न केवल अपने युवाओं के भविष्य को आकार दे रहे हैं, बल्कि एक उज्जवल, अधिक समृद्ध भारत के लिए असीमित संभावनाओं का द्वार खोल रहे हैं। हमें यहां एक ऐसी स्थायी विरासत का निर्माण करना है, जो आने वाली पीढ़ियों का उत्थान करेगी।

अदाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड लिमिटेड के प्रबंध निदेशक करण अदाणी, मुख्य सचिव शांति कुमारी और अन्य अधिकारी भी वहां उपस्थित थे।

गौतम अदाणी ने युवाओं के कौशल विकास और सशक्तिकरण के लिए तेलंगाना सरकार की पहल के लिए निरंतर समर्थन का भी वादा किया।

मुख्यमंत्री रेड्डी ने एक अगस्त को राज्य की विधानसभा में घोषणा की थी कि अदाणी लॉजिस्टिक्स यंग इंडिया स्किल्स यूनिवर्सिटी के इंडस्ट्री पार्टनर्स में से एक होगी।

विधानसभा ने एक ऐसे यूनिवर्सिटी की स्थापना के लिए यंग इंडिया स्किल यूनिवर्सिटी तेलंगाना (सार्वजनिक-निजी भागीदारी) विधेयक-2024 पारित किया, जो छात्रों को उद्योग की मांग को पूरा करने के लिए कौशल से लैस करेगा।

साथ यह घोषणा की गई थी कि अदाणी लॉजिस्टिक्स और ह9 सॉल्यूशंस के साथ साझेदारी में स्कूल ऑफ ई-कॉमर्स एंड लॉजिस्टिक्स की स्थापना की जाएगी। साझेदार कंपनियां पाठ्यक्रम तैयार करेंगी, अपने-अपने क्षेत्रों में छात्रों को प्रशिक्षित करेंगी और नौकरियां प्रदान करेंगी।

11 अक्टूबर को यंग इंडिया स्किल्स यूनिवर्सिटी ने घोषणा की थी कि वह 4 नवंबर से अपने पाठ्यक्रमों का पहला सेट लॉन्च करेगी। यूनिवर्सिटी ने शुरुआत में तीन स्कूल लॉन्च किए हैं, जिसमें स्कूल ऑफ लॉजिस्टिक्स एंड ई-कॉमर्स, स्कूल ऑफ हेल्थकेयर और स्कूल ऑफ फार्मास्यूटिकल्स और लाइफ साइंस शामिल हैं।

2030 तक भारत में 120 करोड़ हो जाएगी स्मार्टफोन यूजर की संख्या!

नई दिल्ली

भारत में 2030 तक स्मार्टफोन यूजर्स की संख्या 100 करोड़ का आंकड़ा पार करने जा रही है। एक नई रिपोर्ट के अनुसार, देश में 2030 तक 120 करोड़ स्मार्टफोन कनेक्शन होने का अनुमान है, जिनमें से आधे यूजर्स 5जी स्मार्टफोन का इस्तेमाल कर रहे होंगे।

वैश्विक मोबाइल नेटवर्क बॉडी जीएसएमए के अनुसार, देश में 2030 तक 64.1 करोड़ से अधिक 5जी सब्सक्राइबर्स होने का अनुमान है, जिनकी संख्या 49 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है। जीएसएमए इंटेलिजेंस के अनुमानों के अनुसार, भारत में अगले छह वर्षों में 5जी मोबाइल सब्सक्राइबर्स की संख्या में तेजी से वृद्धि होगी और डेटा का इस्तेमाल भी तेजी से बढ़ेगा। 5जी सब्सक्राइबर्स की संख्या में इस जबरदस्त उछाल से डेटा खपत में भी भारी वृद्धि होगी, जिससे भारतीय दूरसंचार कम्पनियां बड़े निवेश करने के लिए प्रेरित होंगी।

भारत में प्रति ग्राहक डेटा खपत 2023 -2029 के बीच 15 प्रतिशत की सीएजीआर (कंपाउंड इंटरेस्ट ग्रोथ रेट) से बढ़कर 68 जीबी प्रति माह तक पहुंचने की संभावना है। एशिया-प्रशांत क्षेत्र में, भारत और इंडोनेशिया आर्थिक लचीलेपन, रोजगार सृजन और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए डिजिटलीकरण का लाभ उठाने की बेहतर स्थिति में हैं। संगठन ने कहा, नवीनतम जीएसएमए मोबाइल इकोनॉमी एशिया पैसिफिक 2024 रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 2030 तक 120 करोड़ स्मार्टफोन कनेक्शन होने का अनुमान है, जबकि इंडोनेशिया के 2030 तक 38.7 करोड़ कनेक्शन तक पहुंचने की उम्मीद है। इसके अलावा, मोबाइल टेक्नोलॉजी और सेवाओं से 2023 में एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सकल घरेलू उत्पाद का 5.3 प्रतिशत उत्पन्न हुआ, जिससे आर्थिक मूल्य में 88,000 करोड़ डॉलर का योगदान मिला। इससे पूरे क्षेत्र में लगभग 1.3 करोड़ नौकरियों के अवसर पैदा हुए।

जीएसएमए के महानिदेशक मैट्स ग्रैनरीड ने कहा, भारत और इंडोनेशिया न केवल एशिया-प्रशांत क्षेत्र के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश हैं, बल्कि वे इस क्षेत्र के लिए डिजिटल और आर्थिक विकास के भविष्य का इंजन भी हैं।

ऋषभ पंत बने सबसे तेज 2,500 टेस्ट रन पूरे करने वाले भारतीय विकेटकीपर

नईदिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ जारी पहले टेस्ट के चौथे दिन बेहतरीन बल्लेबाजी की।वह चायकाल से पहले 105 गेंदों में 9 चौके और 5 छक्कों की मदद से 99 रन बनाकर आउट हुए। इस दौरान पारी का 48वां रन बनाते ही उनके टेस्ट क्रिकेट में 2,500 रन पूरे हो गए।वह सबसे तेज यह उपलब्धि हासिल करने वाले भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज बने हैं।आइए उनके आंकड़ों पर नजर डालते हैं।

पंत ने 36वें टेस्ट की 62वीं पारी में अपने 2,500 टेस्ट पूरे किए हैं। उन्होंने इस मामले में पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को पीछे छोड़ दिया है, जिन्होंने 69 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की थी।सूची में फारुख इंजीनियर तीसरे पायदान पर हैं, जिन्होंने 82 पारियों में यह कारनामा किया था।पंत अब तक अपनी पारी में 5 चौके और 3 छक्के जड़ चुके हैं और सरफराज खान के साथ 113 रन की साझेदारी निभा चुके हैं।

भारत के पेट्रोकेमिकल सेक्टर का आकार 2025 तक बढ़कर 300 अरब डॉलर हो जाएगा : हरदीप पुरी

नई दिल्ली

भारत का केमिकल और पेट्रोकेमिकल सेक्टर 2025 तक बढक़र 300 अरब डॉलर का हो सकता है। मौजूदा समय में यह 220 अरब डॉलर पर है। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शुक्रवार को यह बयान दिया।

इंडिया केम 2024 के दौरान पेट्रोकेमिकल पर गोलमेज सम्मेलन को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 2040 तक केमिकल की मांग लगभग तीन गुना होने का अनुमान है और भारत की पेट्रोकेमिकल इंडस्ट्री एक ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच सकती है।

केमिकल इंडस्ट्री भारत की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसका सकल घरेलू उत्पाद में योगदान लगभग 6 प्रतिशत है और इससे 50 लाख से अधिक लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा होते हैं।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, भारत में पेट्रोकेमिकल क्षेत्र में अगले दशक में 87 बिलियन डॉलर से अधिक का निवेश आने का अनुमान है, जो वैश्विक पेट्रोकेमिकल वृद्धि का 10 प्रतिशत से अधिक का प्रतिनिधित्व करता है।

भारत में केमिकल की वार्षिक खपत 25 से 30 मिलियन टन है, जो कि प्रति व्यक्ति हिसाब से दुनिया के विकसित देशों से काफी कम है। इस कारण से केमिकल सेक्टर में विकास की प्रबल संभावनाएं हैं।

वैश्विक स्तर पर भारत दुनिया का छठा और एशिया में तीसरा सबसे बड़ा केमिकल उत्पादक देश है। भारत की ओर से केमिकल का निर्यात 175 से अधिक देशों को किया जाता है।

पुरी ने इस बात पर जोर दिया कि केमिकल और पेट्रोकेमिकल वैश्विक तेल मांग में वृद्धि को बढ़ावा देंगे, भारत की एकीकृत पेट्रोकेमिकल क्षमता इसकी विस्तारित शोधन क्षमताओं से निकटता से जुड़ी हुई है।

केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि भारत की पेट्रोकेमिकल क्षमता में लगातार विस्तार हो रहा है। 2030 तक इसके 46 मिलियन टन रहने का अनुमान है, जो कि मौजूदा समय में 29.62 मिलियन टन है।

पर्सनल इनकम टैक्स कलेक्शन बीते एक दशक में 294 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली



भारत के प्रत्यक्ष कर संग्रह में बीते एक दशक में बड़ा उछाल देखने को मिला है। वित्त वर्ष 2023-24 में यह बढक़र 19.60 लाख करोड़ रुपये हो गया है, जो कि वित्त वर्ष 2014-15 में 6.95 लाख करोड़ रुपये था। यह जानकारी आयकर विभाग द्वारा जारी डेटा से मिली।

प्रत्यक्ष कर संग्रह में बढ़त की वजह पर्सनल इनकम टैक्स में उछाल आना है। वित्त वर्ष 2014-15 में पर्सनल इनकम टैक्स कलेक्शन 2.65 लाख करोड़ रुपये था, जो कि वित्त वर्ष 2023-24 में बढक़र 10.45 लाख करोड़ रुपये हो गया है। इसमें बीते एक दशक में 294.3 प्रतिशत की बढ़त हुई है।

कॉरपोरेट टैक्स कलेक्शन पिछले एक दशक में 112.85 प्रतिशत बढक़र 9.11 लाख करोड़ रुपये हो गया है। वित्त वर्ष 2014-15 में यह आंकड़ा 4.28 लाख करोड़ रुपये था।

टैक्स रिटर्न की संख्या बढक़र 8.61 करोड़ हो गई है, जो कि वित्त वर्ष 2014-15 में 4.04 करोड़ थी।

आईटीआर की संख्या बढक़र 8.13 करोड़ हो गई है जो कि पहले 3.74 करोड़ था।

टैक्स-टू-जीडीपी रेश्यो बढक़र 6.64 प्रतिशत हो गया है, जो कि पहले 5.5 प्रतिशत था।

आंकड़ों से जानकारी मिली कि रिटर्न दाखिल करने वाले या स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) कराने वाले करदाताओं सहित कुल करदाताओं की संख्या वित्त वर्ष 2015 में 5.70 करोड़ से बढक़र 10.41 करोड़ हो गई।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मुताबिक, आईटीआर का औसत प्रोसेसिंग समय 2013 में 93 दिनों से घटाकर अब 10 दिन हो गया है, इससे रिफंड में तेजी आई है।

यह पिछले कुछ वर्षों में आयकर रिटर्न प्रणालियों और प्रक्रियाओं में अपटेड और व्यक्तिगत कर व्यवस्था के सरलीकरण से हासिल किया गया है, जिससे कर रिटर्न दाखिल करना आसान हो गया है।

टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में 99 रन पर आउट होने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज

नईदिल्ली

क्रिकेट टीम और न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के बीच पहले टेस्ट मैच के चौथे दिन ऋषभ पंत 99 रन बनाकर आउट हुए।टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में वह सिर्फ चौथे विकेटकीपर बल्लेबाज हैं, जो 99 रन बनाकर पवेलियन लौटे।वह तीसरी पारी में 99 रन पर आउट होने वाले पहले विकेटकीपर बल्लेबाज हैं। वह सिर्फ 1 रन से अपना 7वां शतक पूरा नहीं कर पाए।ऐसे में आइए 99 रन पर आउट होने वाले विकेटकीपर बल्लेबाजों पर नजर डालते हैं।

इस सूची में पहले स्थान पर न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के पूर्व दिग्गज विकेटकीपर बल्लेबाज ब्रेंडन मैकुलम हैं।साल 2005 में श्रीलंका क्रिकेट टीम न्यूजीलैंड के दौरे पर गई थी। सीरीज के पहले टेस्ट में मैकुलम 99 रन बनाकर आउट हुए थे।कीवी टीम ने अपनी पहली पारी में 561 रन बनाए थे। मैकुलम ने 156 गेंदों का सामना किया था और उनके बल्ले से 10 चौके और 2 छक्के निकले थे।यह मुकाबला ड्रॉ पर समाप्त हुआ था।

दूसरे स्थान पर भारतीय टीम के पूर्व दिग्गज विकेटकीपर बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी हैं। साल 2012 में वह इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ 99 रन बनाकर आउट हुए थे।मैच की पहली पारी में इंग्लैंड ने 330 रन बनाए थे। जवाब में भारतीय टीम ने 326/9 के स्कोर पर पारी घोषित की थी। धोनी ने 246 गेंदों का सामना किया था और 8 चौके और 1 छक्का की मदद से यह पारी खेली थी।यह मुकाबला भी ड्रॉ रहा था।

साल 2017 में दक्षिण अफ्रीका की टीम इंग्लैंड के दौरे पर गई थी। सीरीज के चौथे टेस्ट मैच में इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो 99 रन बनाकर आउट हो गए थे।मैच की पहली पारी में इंग्लैंड की टीम ने 362 रन बनाए थे। बेयरस्टो ने 145 गेंदों का सामना कर ये पारी खेली थी। उनके बल्ले से 14 चौके और 1 छक्का निकला था।इंग्लैंड को उस मुकाबले में 177 रन से जीत मिली थी।

आज का राशिफल

मेष: आज आपके हर परेशानी का हल चुटकियों में निकल जाएगा। सरकारी कार्यों में आपको बड़े लाभ की संभावना है। आज आप अपनी संतान के साथ पिकनिक के लिए जा सकते हैं। उनके साथ आप अच्छा समय बिताएंगे।

वृष: आज आपका दिन बढिया रहेगा। बड़े निर्णय लेने के लिए दिन अच्छा है। किसी नयी बिजनेस डील के लिए ऑफर मिलेगा। आप जीवनसाथी के साथ घर के कार्यों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे। आज कारोबारी गतिविधियों में व्यवस्था बनाकर रखना जरूरी है।

मिथुन: आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको घर के बड़ो से कुछ प्रेरणा मिलेगी। आज आप जो भी काम शुरू करेंगे, वो सफल होगा। आज आपकी अच्छी सोच का अच्छा नतीजा मिलेगा। आपके रहने और बोलने का तरीका लोगों को आकर्षित करेगा।

कर्क: आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आपके आस-पास सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। आज कार्यस्थल पर चल रही किसी भी गतिविधि को नजरअंदाज ना करें।

सिंह: आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए है, लेकिन पढाई में और मेहनत करने की जरूरत है। कुछ समय से चल रही आपकी लगन और मेहनत का आज ज्यादा लाभ मिलने वाला है।

कन्या: आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आज आपके व्यापार की गति अच्छी रहेगी। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा का बेहतर परिणाम मिलेगा। आज व्यवसाय संबंधी नई जानकारियां हासिल करना जरूरी है।

तुला: आज पूरे दिन भाग्य आपके साथ रहेगा। आज कुछ समय व्यक्तिगत कार्यों में बिताने से आप अपने आपको ऊर्जा से भरपूर महसूस करेंगे। सामाजिक गतिविधियों में भी रुझान बढ़ेगा।

वृश्चिक: आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आपको सरकारी कामों में कुछ लोगों से राय मिलेगी, जिससे आपका काम असान हो जायेंगा। आज आपका व्यक्तित्व व रहन-सहन के प्रति अधिक सजग रहना लोगों के बीच आकर्षण का कारण बनेगा।

धनु: आज का दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आप आप सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेंगे। बच्चों को आज पढाई में मन लगाने की जरूरत है। आज परिवार संबंधी कोई समस्या हल हो जाने से आनंदित और हर्षित महसूस करेंगे।

राशि : आज आपको किसी अपने से कोई अच्छी खबर मिलने के योग बने हुए हैं। आज अपने बच्चों का आत्म बल बनाकर रखने में सहयोग अवश्य करेंगे। आज कर्मचारियों की मदद से बिजनेस की गतिविधियां ठीक तरह से चलती रहेंगी।

कुंभ: आज का दिन जीवन में मील का पत्थर साबित होगा। आज व्यापार में किसी एसी कंपनी के साथ डील फाइनल होगी, जो आपको उम्मीद से अधिक फायदा करायेगी। आज घर में परिवार जनों के साथ मिल-जुलकर कुछ नवीनीकरण व साज-सज्जा को लेकर कुछ विचार-विमर्श रहेगा।

मीन: आज आपका दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आपको किसी भी प्रकार के विवादों से दूर रहने की आवश्यकता है। आज बिना सोचे-समझे किसी अजनबी पर भरोसा ना करें।

अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2 का रिलीज से पहले बना धांसू रिकॉर्ड, डिजिटल राइट्स बेंच कर कमाए 900 करोड़

अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2: द रूल को प्रशंसक काफी पसंद करते हैं। इस फिल्म में पुष्पराज की भूमिका में अल्लू अर्जुन को प्रशंसकों का प्यार मिला है। फिल्म का नया पोस्टर भी मेकर्स ने हाल ही में पोस्ट किया है। ये फिल्म छह दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। रिलीज से पहले ही फिल्म ने प्री कलेक्शन का शानदार रिकॉर्ड बना लिया है।

सैटेलाइट और म्यूजिक राइट्स के साथ फिल्म ने पुष्पा 2: द रूल रिलीज से पहले ही कमाई कर ली है। अल्लू अर्जुन की फिल्म ने एक ऐसा रिकॉर्ड बनाया है जो अब तक कभी नहीं बना। रश्मिका मंदाना के साथ अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 ने 900 करोड रुपये का प्री-रिलीज बिजनेस किया है, जो एक चौंकाने वाला आंकड़ा है। हालांकि, इसके बारे में पुख्ता जानकारी अभी आनी बाकी है। खबरों की मानें तो मेकर्स ने फिल्म की डिजिटल राइट्स डील फिल्म ने 900 करोड़ की प्री-थियेट्रिकल रिलीज के बाद की कमाई की है।

पुष्पा 2: द रूल का नया पोस्टर अल्लू अर्जुन ने सोशल मीडिया पर साझा किया है। पोस्टर में अल्लू अर्जुन के अवतार को प्रशंसक काफी पसंद कर रहे हैं। इस पोस्ट में अल्लू अर्जुन का स्वैग अवतार नजर आ रहा है।

भूल भुलैया 3 में मंजुलिका बनीं माधुरी दीक्षित, विद्या बालन से होगी जोरदार टक्कर

अनीस बज्मी की हॉरर-कॉमेडी भूल भुलैया 3 साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म निर्माता सोशल मीडिया पर लगातार अपडेट साझा कर रहे हैं। इस बीच विद्या बालन ने माधुरी दीक्षित के साथ धमाकेदार मुकाबले की एक रोमांचक क्लिप जारी की है।

फिल्म निर्माताओं ने फिल्म के प्रचार में कोई कसर नहीं छोड़ी है। कई टीजर और ट्रेलर जारी करने के बाद शुक्रवार को टी-सीरीज ने भी अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर एक नया टीजर जारी किया, जिस पर लिखा है 'इस दिवाली, रूह बाबा बनाम मंजुलिका देखने के लिए तैयार हो जाइए! 'भूल भुलैया-3' का ट्रेलर आउट।'

वीडियो की शुरुआत कार्तिक आर्यन की कमेंट्री से होती है, जिसमें वो कहते हैं कि केवल मूर्ख ही भूतों से डरते हैं।

कंगना रनौत की इमरजेंसी की रिलीज का रास्ता साफ, मिला सेंसर सर्टिफिकेट

कंगना रनौत की इमरजेंसी की रिलीज के बीच कई उतार चढ़ाव आए लेकिन अब फिल्म की मुश्किलें खत्म होती हुई दिख रही हैं. फाइनली इसे सेंसर बोर्ड ने इमरजेंसी को सर्टिफिकेट दे दिया है. कंगना ने हाल ही में अनाउंस किया कि वे जल्द ही फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा करेंगी. कंगना ने इतना प्यार और सपोर्ट दिखाने के लिए अपने फैंस का धन्यवाद किया.

कंगना रनौत ने सोशल मीडिया पर जानकारी दी कि उनकी फिल्म इमरजेंसी को सेंसर बोर्ड की तरफ से सर्टिफिकेट मिल गया है और वे जल्द ही रिलीज डेट अनाउंस करेंगी. उन्होंने एक्स पर लिखा- हमें यह अनाउंस करते हुए खुशी हो रही है कि हमारी फिल्म इमरजेंसी को सेंसर सर्टिफिकेट मिल गया है. हम जल्दी ही फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा करेंगे. आपके प्यार और सपोर्ट के लिए धन्यवाद.

सेंसर बोर्ड ने फिल्म में लगभग 13 कट्स और बदलाव करने को कहा था जिसके लिए मेकर्स राजी हो गए और फिल्म को यूए सर्टिफिकेट के साथ पास किया. हाल ही में खबर आई थी कि इमरजेंसी को पंजाब इलेक्शन के बाद रिलीज किया जा सकता है जो कि 14 नवंबर को होंगे. दरअसल इमरजेंसी का ट्रेलर रिलीज होने के बाद से ही सिख कम्यूनिटी इसके विरोध में खड़ी है. इसीलिए इसकी रिलीज डेट 14 नवंबर के बाद रखी जा सकती है.

बता दें इमरजेंसी को कंगना ने खुद ही डायरेक्ट किया है और इस फिल्म में उन्होंने भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का रोल प्ले किया है. फिल्म 1975 में देश में लगे आपातकाल के बारे में हैं. पहले इमरजेंसी 14 जून को रिलीज होने वाली थी लेकिन लोकसभा चुनाव के चलते इसकी डेट 6 सितंबर को पोस्टपोन कर दी गई थी. जिसके बाद इसके खिलाफ विवाद खड़ा हो गया और फिल्म रिलीज नहीं हो पाई. लेकिन अब फिल्म से मुसीबत के बादल हट चुके हैं और इसे सेंसर बोर्ड ने सर्टिफिकेट दे दिया है. कंगना और मेकर्स जल्द ही रिलीज डेट का एलान करेंगे.

शब्द सामर्थ्य- 212

बाएं से दाएं

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

ऊपर से नीचे

1. विचित्र, अद्भूत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 211 का हल

दि	क्क	त	■	आ	सा	न	■	आ
ल	■	मी	■	खि	■	सी	ख	ना
■	म	ज	बू	र	■	ह	■	जा
स	र्द	■	■	का	■	त	रा	ना
र	■	■	■	र	वि	■	ह	■
प	ह	ना	ना	■	ना	रा	ज	■
ट	■	■	क	शि	श	■	नी	ला
■	र	■	■	का	■	रा	■	य
खा	ति	र	दा	री	■	त	क्ष	क

सू-दोकू- 212

	8				1		5	
6			8			2		3
	3				2		1	
		3		9		5		4
5			3				9	
		4		2				6
4			2		3		6	
		6				8		7
	2	9	7		6			

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र211का हल

5	3	9	7	4	8	6	2	1
2	1	6	5	9	3	4	7	6
4	7	8	1	6	2	3	5	9
3	6	1	8	5	9	2	4	7
8	5	2	3	7	4	1	9	6
7	9	4	2	1	6	8	3	5
6	4	7	9	2	1	5	6	3
1	8	5	4	3	7	9	6	2
9	2	3	6	8	5	7	1	4